आकाशवाणी श्री विजयपुरम

19.11.2026 समय : 1905

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छठे आतंकरोधी सम्मेलन का किया उद्घाटन, आतंकवाद के नए खतरों से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई मजबूत करने पर जोर दिया।
2. कल से गोवा में सजेगा सतावनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का मंच, 'धुरंधर' सहित देश–दुनिया की प्रमुख फिल्में रहेंगी आकर्षक का केंद्र।
3. उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा 21 नवम्बर से कार निकोबार एवं कैंपबेल बे के दौरे पर रहेंगे, जनजातीय समुदाय से करेंगे सीधा संवाद।
4. पंचायत और नगरपालिका परिषद चुनावों के लिए मतदाता सूचियों का होगा पुनरीक्षण, 11 दिसंबर को प्रकाशित होगी अंतिम सूची।

<><><><><><><>

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में छठे आतंकरोधी सम्मेलन का उद्घाटन किया। दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन गृह मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एन आई ए ने किया है। इसका उद्देश्य आतंकवाद के नए उभरते खतरों से निपटने के लिए देश की सामूहिक कार्रवाई को मजबूत करना है। सम्मेलन में विदेशों से साक्ष्य जुटाने, आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच में डिजिटल फॉरेंसिक और डेटा विश्लेषण के उपयोग तथा मुकदमों के प्रभावी प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा होगी। इसके अलावा, कट्टरपंथ पर अंकुश लगाने, जासूसी और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उभरते नए और मिश्रित खतरों से निपटने पर भी विभिन्न सत्रों में चर्चा की जाएगी।

<><><><><><><>

सतावनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2026 का शुभारंभ कल से गोवा में होगा। नौ दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में देश–विदेश के फिल्म निर्माता, कलाकार और सिनेमा प्रेमी हिस्सा लेंगे। इस वर्ष महोत्सव की मुख्य विषयवस्तु 'सीमाओं से परे कहानियां' रखी गई है। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण भारतीय पैनोरमा खंड होगा, जिसमें 30 फीचर फिल्में, 20 गैर–फीचर फिल्में और सर्वश्रेष्ठ वेब श्रृंखला पुरस्कार के लिए नामांकित पाँच वेब श्रृंखलाएं दिखाई जाएंगी। वहीं निर्देशक आदित्य धर और रणवीर सिंह अभिनीत बहुचर्चित फिल्म 'धुरंधर' भारतीय पैनोरमा के मुख्यधारा सिनेमा खंड में प्रदर्शित की जाएगी। भारतीय फिल्मों को महोत्सव की प्रमुख प्रतियोगिताओं में भी स्थान मिला है। 'कांतारा : ए लीजेंड – चैप्टर 1', 'पारो – द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ ब्राइड स्लेवरी' और 'द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड' अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए 'क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो' का छठा संस्करण आयोजित होगा, जिसमें फिल्म निर्माण से जुड़ी 13 विधाओं के 100 युवा प्रतिभागियों को अपनी कला और कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

काशी–तमिल संगमम में शामिल होने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण रेलवे ने पांच विशेष ट्रेनों के संचालन की घोषणा की है। ये ट्रेनें कन्याकुमारी, चेन्नई और कोयंबटूर से विभिन्न तिथियों पर वाराणसी (बनारस) के लिए रवाना होंगी। पहली विशेष ट्रेन 25 नवंबर को दोपहर ढाई बजे कन्याकुमारी से रवाना होगी। वहीं, दूसरी विशेष ट्रेन 28 नवंबर को सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर चेन्नई से रवाना होगी। शेष विशेष ट्रेनों की समय–सारणी और अन्य ठहरावों का विवरण रेलवे की आधिकारिक सूचना के अनुसार जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा 21 और 22 नवंबर को कार निकोबार तथा कैंपबेल बे के प्रस्तावित दौरे पर रहेंगे। 21 नवंबर को उपराज्यपाल कार निकोबार पहुंचेंगे। उपराज्यपाल का 22 नवंबर को कैंपबेल बे का दौरा भी प्रस्तावित है। अपने इस दो दिवसीय दौरे के अवसर पर उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा सभा को सम्बोधन करने के साथ ही

स्थानीय जनता एवं जनजाति समुदाय के साथ भी जनसंवाद करेंगे। कैम्पबेल बे में उप राज्यपाल अयप्पा मंदिर जाकर भगवान अयप्पा के दर्शन भी करेंगे।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आगामी पंचायत और श्री विजयपुरम नगर परिषद के आम चुनावों को देखते हुए मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन आयुक्त ने 16 नवंबर को जारी आदेश में वर्ष 2026 की नवीनतम उपलब्ध लोकसभा मतदाता सूची को पंचायतों और नगर परिषद की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का आधार बनाने का निर्णय लिया है। प्रारूप मतदाता सूचियां 21 नवंबर 2026 को प्रकाशित की जाएंगी। मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा अन्य त्रुटियों के संबंध में सुझाव और आपत्तियां 21 नवंबर से 5 दिसंबर तक निर्धारित प्रपत्र–2 में दर्ज कराई जा सकेंगी। प्राप्त सुझावों और आपत्तियों का निपटारा 8 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके बाद 10 दिसंबर तक अंतिम मतदाता सूचियां तैयार कर उनका मुद्रण किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 11 दिसंबर को होगा। प्रारूप मतदाता सूचियां संबंधित क्षेत्रों के सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के कार्यालयों यानी सहायक आयुक्तों और तहसीलदारों के कार्यालयों तथा निर्धारित स्थानों पर कार्यालय समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी। राजधानी श्री विजयपुरम् सहित डिगलीपुर, मायाबंदर, रंगत, फेरारगंज, लिटिल अंडमान और कैंपबेल बे के तहसीलदारों को सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी पूर्वा गर्ग ने संबंधित मतदाताओं से प्रारूप सूची की जांच करने और किसी प्रकार की गलती होने पर निर्धारित समय के भीतर आपत्ति या सुझाव दर्ज कराने का आग्रह किया है।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान की कन्यापुरम् ग्राम पंचायत की ग्राम सभा की बैठक 23 नवंबर को सुबह 10 बजे आदर्श ग्राम, कन्यापुरम् स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की जाएगी। ग्राम पंचायत की ओर से सभी ग्रामीणों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में वर्ष 2027–28 की वार्षिक विकास योजना का प्रारूप तैयार करने पर चर्चा होगी। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित विकास कार्यों को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा वीबी जी–राम–जी की वर्ष 2027–28 की वार्षिक योजना के प्रारूप परभी विचार–विमर्श किया जाएगा। ग्राम पंचायत ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होकर गांव के विकास से जुड़े सुझाव देने और योजना निर्माण में भागीदारी निभाने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><><>

रांची टेकरी स्थित विवेकानंद केंद्र नगरपालिका विद्यालय में आज विवेकानंद केंद्र के संस्थापक एवं दूरदर्शी विचारक एकनाथजी रानाडे की 112वीं जयंती के अवसर पर 'साधना दिवस' एवं 'अस्था–2026' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और हस्तशिल्प से जुड़े अपने हुनर तथा नवाचारी विचारों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के शिक्षा निदेशालय में योजना के उपनिदेशक ओम प्रकाश उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने पर जोर दिया। वहीं, सम्मानित अतिथि राजेश गंगाल ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए नवाचारी मॉडलों और उनके आत्मविश्वास की सराहना की। प्रदर्शनी में अंतरिक्ष कक्ष विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जहां सौरमंडल और खगोलीय पिंडों से संबंधित नमूने प्रस्तुत किए गए।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह चिकित्सा विज्ञान संस्थान, श्री विजयपुरम में वर्ष 2026 के लिए इंटर्नशिप करने के इच्छुक विदेशी चिकित्सा स्नातकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रक्रिया अस्थायी रूप से कल से शुरू होगी। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित आवेदन पत्र **fmg2026.aniims@gmail.com** पर ई–मेल के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर है।

**<><><><><><><>**

विद्युत विभाग ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से उत्तीर्ण युवाओं के लिए एक वर्ष के व्यावहारिक प्रशिक्षण की घोषणा की है। इसके तहत कुल 90 युवाओं का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक चयनित युवा को प्रतिमाह 9,600 रुपये दिए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार **www.apprenticeshipindia.org** पर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को द्वीप समूह के तीनों जिलों में बिजली विभाग के बिजलीघरों, विद्युत पारेषण एवं वितरण उपखंडों, कार्यशालाओं अथवा कार्यालयों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**<><><><><><><>**